प्रेस नोट थाना कटरा
जनपद शाहजहाँपुर

दिनाँक- 26.03.2026

जनपद शाहजहाँपुर व जनपद मुजफ्फरनगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा एनडीपीएस एक्ट के अभियुक्त बाबू उर्फ रियाज पुत्र सरताज निवासी मोहल्ला आतिशबाजान, कस्बा व थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित लगभग 80 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति को सीज/फ्रीज किया गया।

उत्तर प्रदेश शासन की अपराध के प्रति जीरो टॉलरेन्स की मंशा एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम तथा क्रियाशील व चिन्हित किये गये अपराधियों/वांछित/वारण्टी, अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान, रोकथाम मादक पदार्थ/अवैध शराब शस्त्र, बिक्री- निर्माण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक कटरा के नेतृत्व में थाना कटरा पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरण-

आज दिनांक 26.03.2026 को जनपद मुजफ्फरनगर पुलिस एवं जनपद शाहजहाँपुर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए बाबू उर्फ रियाज पुत्र सरताज निवासी मोहल्ला आतिशबाजान, कस्बा व थाना कटरा, जनपद शाहजहाँपुर के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। उक्त अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत हैं तथा अभियुक्त द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी कर अवैध रूप से संपत्ति अर्जित किए जाने के तथ्य प्रकाश में आए थे। उक्त प्रकरण के संबंध में सक्षम प्राधिकारी/SAFEMA कोर्ट, दिल्ली के आदेश के अनुक्रम में शाहजहाँपुर पुलिस एवं मुजफ्फरनगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अभियुक्त की मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित अवैध संपत्ति को विधिक प्रक्रिया के अंतर्गत सीज/फ्रीज किया गया। उक्त कार्रवाई के परिणामस्वरूप अभियुक्त अब अपनी अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को न तो विक्रय कर सकेगा और न ही उसे खुर्द-बुर्द कर सकेगा। यह कार्रवाई मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

नाम पता अभियुक्त-

बाबू उर्फ रियाज पुत्र सरताज निवासी मोहल्ला आतिशबाजान कस्बा व थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 45 वर्ष

अभियुक्त का अपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 360/2025 धारा 8/21/29 NDPS ACT थाना बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर
2. मु0अ0सं0 421/2025 धारा 8/21 NDPS ACT थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
3. मु0अ0सं0 433/2025 धारा 8/21 NDPS ACT थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
4. मु0अ0सं0 144/2022 धारा 8/21/29 NDPS ACT थाना देवरनिया जनपद बरेली
5. मु0अ0सं0 327/2025 धारा 115(2)/351(2)/351(3)/352 BNS थाना फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली
6. मु0अ0सं0 106/2017 धारा 323/324/504/506 भादवि थाना फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली
7. मु0अ0सं0 246/2025 धारा 21/29 NDPS ACT थाना अपराध शाखा दिल्ली

सीज/फ्रीज की कार्यवाही के दौरान मौजूद पुलिस बल का विवरण-

1. सुश्री ज्योति यादव क्षेत्राधिकारी तिलहर जनपद शाहजहाँपुर
2. श्री दीपक कुमार तहसीलदार तिलहर जनपद शाहजहाँपुर
3. प्रभारी निरीक्षक श्री अवधेश कुमार सिंह थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
4. प्रभारी निरीक्षक श्री जुगुल किशोर पाल थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर
5. प्रभारी निरीक्षक श्री हकेश सिंह थाना गढिया रंगीन जनपद शाहजहाँपुर
6. प्रभारी निरीक्षक श्री सत्यप्रकाश सिंह थाना खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर
7. प्रभारी निरीक्षक श्री प्रिंस कुमार थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर
8. व0उ0नि0 श्री ललित कुमार शर्मा थाना बुढाना जिला मुजफ्फरनगर
9. का0 योगेश कुमार थाना बुढाना जिला मुजफ्फरनगर
10. उ0नि0 श्री उष्पेन्द्र सिंह क्यूआरटी टीम जनपद शाहजहाँपुर
11. उ0नि0 श्री आदित्य कुमार क्यूआरटी टीम जनपद शाहजहाँपुर
12. हे0का0 75 शौकीन सिंह क्यूआरटी टीम जनपद शाहजहाँपुर
13. हे0का0 92 अनिल कुमार क्यूआरटी टीम जनपद शाहजहाँपुर
14. का0 400 दर्शन सिंह क्यूआरटी टीम जनपद शाहजहाँपुर
15. का0 1986 नरेश कुमार क्यूआरटी टीम जनपद शाहजहाँपुर
16. का0 2545 मो0आकिब क्यूआरटी टीम जनपद शाहजहाँपुर
17. उ0नि0 श्री जगत सिंह गैंगस्टर सैल जनपद शाहजहांपुर
18. हे0का0 26 सुभाषचन्द्र क्षेत्राधिकारी सदर कार्यालय जनपद शाहजहाँपुर
19. हे0का0 188 त्रिलोकीनाथ तैनाती गैंगस्टर सैल जनपद शाहजहाँपुर
20. का0 2606 आशुतोष कुमार प्रधान लिपिक शाखा जनपद शाहजहाँपुर
21. का0 2033 भंवर सिंह वी0आई0पी0 सैल जनपद शाहजहाँपुर
22. का0 2094 आकाश राठी सम्मन सैल जनपद शाहजहाँपुर